C M Y K

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 257 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 18 मार्च ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## 200 साल पुरानी परंपराः सर्राफा बाजार में खेली गई कोड़ामार होली

### महिलाओं ने बरसाए कोड़े, रंगतेरस पर उमड़ा जनसैलाब

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

शहर के सर्राफा बाजार में मंगलवार को रंगतेरस के अवसर पर जीनगर समाज द्वारा आयोजित 200 वर्ष पुरानी परंपरा 'कोड़ामार होली' का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अनूठे आयोजन ने एक बार फिर परंपरा, वीरता और महिला शक्ति का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया।

वीरांगनाओं के बलिदान की स्मृति में मनाए जाने वाले इस खास उत्सव में शहर सहित विभिन्न कॉलोनियों और बस्तियों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। आयोजन के दौरान चार बड़े कड़ावों में करीब 15 हजार लीटर पानी और 20 किलो रंग घोला गया। महिलाओं ने कड़ाव की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालते हुए हाथों में कपड़े से बने कोड़े थामे, जबकि पुरुषों द्वारा डोलची से पानी फेंकने पर महिलाएं कोड़ों से जवाब देती नजर आईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन ने किया। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मौके पर भारी पुलिस जाब्ता तैनात रहा। दोपहर करीब 12 बजे शुरू हुआ यह आयोजन देर दोपहर तक उत्साह के साथ चलता रहा, जिसमें भाभियों ने देवरों पर जमकर कोड़े बरसाए और माहौल हंसी-ठिठोली से सराबोर रहा।

यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है, जिसमें हर वर्ग बुजुर्ग, महिलाएं और युवा बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।





#### इतिहास से जुड़ी है कोड़ामार होली की परंपरा

कोड़ामार होली के पीछे ऐतिहासिक मान्यता भी जुड़ी है। वर्ष 1568 में चित्तौड़गढ़ किले पर अलाउद्दीन खिलजी के आक्रमण के दौरान चैत्र कृष्ण एकादशी को महारानी पद्मिनी ने हजारों वीरांगनाओं के साथ जौहर किया था। इसके दो दिन बाद तेरस के दिन राजपूत वीरों ने केसरिया बाना पहनकर शाका किया, जिसे इतिहास में 'खून की होली' कहा जाता है। इन्हीं वीरांगनाओं के बलिदान की स्मृति में मेवाड़ में रंगतेरस पर यह परंपरा निभाई जाती है।

#### बैरवा मोहल्ले से निकली परंपरा की शोभायात्रा

आयोजन से पहले सुबह बैरवा मोहल्ला से समाज की महिलाएं ढोल की थाप पर हाथों में कपड़े के कोड़े लेकर सामूहिक रूप से सर्राफा बाजार पहुंचीं। यहां समाजजनों ने उनका स्वागत किया और इसके साथ ही कोड़ामार होली का रोमांचक आयोजन शुरू हुआ। आयोजन के बाद शाम को समाज के पंचायती नौहरे में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। दिनभर चले इस आयोजन में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी लोगों को आकर्षित किया।

## पुलिस व डीएसटी की बड़ी कार्रवाई, 38 किलो डोडाचूरा सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हमीरगढ़ थाना पुलिस एवं डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 38 किलो 850 ग्राम डोडाचूरा पाउडर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार कर एक ट्रक भी जब्त किया है।

पुलिस ने थानाधिकारी सुनील कुमार बेड़ा के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा कार्रवाई को अंजाम दिया है । पुलिस ने बताया की 16 मार्च को डीएसटी टीम से मिली सूचना के आधार पर नेशनल हाईवे-48 पर तख्तपुरा क्षेत्र में नाकाबंदी की गई। इस दौरान चित्तौड़गढ़ की ओर से आ रहे अशोक लीलैंड ट्रक को रुकवाकर तलाशी ली गई। जांच के दौरान ट्रक के केबिन के ऊपर बने बॉक्स में छिपाकर रखे दो प्लास्टिक के कट्टों से डोडाचूरा पाउडर बरामद हुआ। पुलिस ने बिना लाइसेंस मादक पदार्थ का परिवहन करते पाए जाने पर दोनों आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया और एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने इस मामले में हिम्मत सिंह (29) निवासी सोलन हिमाचल प्रदेश एवं अनिल कुमार (20) निवासी बिलासपुर हिमाचल प्रदेश को गिरफ्तार किया है।पुलिस अब आरोपियों से पूछताछ कर मादक पदार्थ की सप्लाई चेन और अन्य संलिप्त लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## विजय सिंह पथिक स्मारक पार्क के जीर्णोद्धार की पहल, वर्षों बाद जागी उम्मीद






**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया**

**( रमेश गुर्जर )** किसान आंदोलन के प्रणेता रहे क्रांतिकारी विजय सिंह पथिक के सब्जी मंडी स्थित स्मारक स्थल की वर्षों बाद सुध लेने के प्रयास शुरू हो गए हैं। नगर के एकमात्र पार्क और पथिक पार्क की लंबे समय से हो रही अनदेखी व दुर्दशा के बाद अब पालिका ने नई पहल करते हुए इसके जीर्णोद्धार का कार्य शुरू किया है। इस कदम को एक सकारात्मक पहल के रूप में देखा जा रहा है। पालिका द्वारा पार्क में अव्यवस्थित रूप से उगी झाड़ियों और पेड़ों की छंटाई का कार्य शुरू कर दिया गया है, साथ ही नव निर्माण की तैयारियां भी जारी हैं।

अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने बताया कि यह पार्क पिछले कई वर्षों से जर्जर हालत में था। यहां लगी कुर्सियां, फाउंटेन एरिया, चारदीवारी और पूरा परिसर अपनी पहचान खो चुका था। अब पालिका द्वारा यहां व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जल्द ही पार्क में जलभराव की समस्या का समाधान किया जाएगा और परिसर को सुंदर, स्वच्छ एवं आमजन के लिए उपयोगी बनाया जाएगा। इसके साथ ही यहां पिंक टॉयलेट के निर्माण की भी योजना है, जिससे विशेष रूप से महिलाओं को सुविधा मिलेगी।

नगरवासियों को उम्मीद है कि इस पहल से पथिक पार्क फिर से अपनी पहचान हासिल करेगा और लोगों के लिए एक बेहतर सार्वजनिक स्थल बन सकेगा।

## बिजोलिया में रंग तेरस पर जमकर बरसा रंग, पूरे क्षेत्र में छाया होली का उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

रंग तेरस के अवसर पर मंगलवार को पूरे क्षेत्र में होली का रंग पूरे शबाब पर नजर आया। कस्बे सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में लोगों ने परंपरागत उल्लास और भाईचारे के साथ जमकर होली खेली। कहीं परिवार के साथ रंग-गुलाल उड़ा, तो कहीं मित्रों और मोहल्लेवासियों संग रंगों की बौछार के बीच जश्न मनाया गया।

सुबह से ही गली-मोहल्लों में डीजे की धुनों पर युवा और बच्चे थिरकते नजर आए। रंग-बिरंगे गुलाल और पानी की फुहारों के बीच पूरे दिन उत्सव जैसा माहौल बना रहा। खासकर बच्चों और युवाओं में होली को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जिन्होंने टोली बनाकर पूरे कस्बे में रंग खेला।

इस दौरान उपखंड क्षेत्र में कई जगह पारंपरिक अंदाज में डोलची के साथ होली खेली गई, जिसने उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। होली के रंग में रंगे लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान भी बंद रखे और पूरा दिन उत्सव में डूबे रहे। सदर बाजार, शक्करगढ़ चौराहा, लाल बंडली, सब्जी मंडी मार्ग, बस स्टैंड और बूंदी रोड सहित प्रमुख बाजार पूरी तरह बंद रहे। लोग अपने परिचितों और रिश्तेदारों के घर पहुंचकर एक-दूसरे को रंग लगाते हुए शुभकामनाएं देते नजर आए।

पुराने कस्बे में कई स्थानों पर मोहल्लेवासियों ने सामूहिक रूप से होली मनाई। यहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर फाग गीतों और डीजे की धुनों पर जमकर नृत्य किया। इसके साथ ही विभिन्न समाजों के लोगों ने आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे के घर जाकर होली की बधाई दी। कई स्थानों पर सामूहिक 'गोठ' का आयोजन भी किया गया, जिसमें लोगों ने मिल-बैठकर पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया।



बिजोलिया : नगर में सामूहिक तौर पर मनाई गई रंग तेरस

## 19 मार्च को लोकार्पित होगा 'शांतिसागर संत निलय', जैन समाज में उत्साह, तैयारियां अंतिम चरण में

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**रमेश गुर्जर ।** कस्बे में धार्मिक आस्था और उत्साह का माहौल इन दिनों चरम पर है। दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर द्वारा निर्मित 'शांतिसागर संत निलय' का भव्य लोकार्पण 19 मार्च को समारोहपूर्वक किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और सभी तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं।

बीसवीं सदी के प्रथमाचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की स्मृति में निर्मित यह संतशाला समाज के भामाशाहों के सहयोग से साकार हुई है। तीन मंजिला इस भवन में एक विशाल सभा हॉल के साथ 13 सुसज्जित कक्ष बनाए गए हैं, जो मुनि संघ के नगर प्रवास के दौरान उपयोग में लिए जाएंगे।

समारोह मुनि वैराग्य सागर जी महाराज एवं मुनि सुप्रभ सागर जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित होगा। वहीं पंडित बृजेश शास्त्री के निर्देशन में पूरे आयोजन को धार्मिक विधि-विधान के साथ सम्पन्न कराया जाएगा।

कार्यक्रम की शुरुआत 18 मार्च को शांति मंडल के संगीतमय विधान से होगी, जो श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेगा।




मंदिर कमेटी के मंत्री मुकेश सोनी एवं कोषाध्यक्ष मनोज ठग ने बताया कि 19 मार्च को प्रातः 7 बजे से मुख्य कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। अभिषेक एवं शांतिधारा के पश्चात सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दीप प्रज्वलन, मुनि संघ का पाद प्रक्षालन, अर्घ समर्पण और शास्त्र दान जैसे प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे।

प्रातः 9:15 बजे मुनि संघ के प्रवचन होंगे, वहीं 10:15 बजे श्रावक श्रेष्ठी परिवार महावीर, मुकेश, चेतन एवं अनिल गोधा द्वारा संत निलय का लोकार्पण किया जाएगा। इसके पश्चात 10:30 बजे मुनि संघ की आहार चर्या सम्पन्न होगी।

इस अवसर पर मंदिर कमेटी द्वारा संतशाला निर्माण में सहयोग देने वाले भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा,

## कलेक्ट्री परिसर में अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर ज्ञापन

### बैठने की जगह ऊंची करने व मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

कलेक्ट्री परिसर में अधिवक्ताओं को हो रही असुविधाओं को लेकर जिला अभिभाषक संस्था ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की है।

जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, रेवेन्यू महासचिव मनोहरलाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली सहित रेवेन्यू सलाहकार समिति के सदस्य रणवीर सिंह राणावत, मांगीलाल सेन, सुरेशचंद्र सुवालका, जगदीशचंद्र दाधीच, भैरूलाल वैष्णव, ज्योति जागेटिया, सूर्यप्रकाश सरगरा व अन्य अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपा।

रेवेन्यू महासचिव बुनकर ने बताया कि कलेक्ट्री परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने की जगह उबड़-खाबड़ होने से काफी परेशानी हो रही है। बारिश के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे कीचड़ और मच्छरों की समस्या बढ़ जाती है तथा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

अधिवक्ताओं ने बैठने की जगह को 10 से 15 इंच ऊंचा करने, गड्ढों को दुरुस्त कराने तथा स्वच्छ पेयजल के लिए आरओ/ प्याऊ की व्यवस्था करने की मांग की है।

जिला कलेक्टर ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

## राजपुरा गांव में लाखों की चोरी, पुलिस गश्त व्यवस्था पर उठे सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।**

क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरथला के राजपुरा गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाते हुए नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। चोरी की इस घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और पुलिस गश्त व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं।

जानकारी के अनुसार राजपुरा निवासी लक्ष्मण गुर्जर रात को अपने कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान चोरों ने घर के दूसरे कमरे से करीब 80 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। घटना रात करीब एक बजे की बताई जा रही है। इसके बाद चोरों ने कालू सिंह के घर को निशाना बनाया, जहां से करीब 60 हजार रुपये नकद चोरी हो गए।

चोरों ने इसके बाद किशन दरोगा के घर को भी निशाना बनाया। बताया गया कि उनका पूरा परिवार किसी पारिवारिक कार्यक्रम में बाहर गया हुआ था। इस दौरान चोरों ने घर में रखे लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया।



घटना की सूचना मिलने पर काछोला पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। सुबह जीएसएस अध्यक्ष राधेश्याम कंजर भी मौके पर पहुंचे और पुलिस प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने की मांग की।

इधर ग्रामीणों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ काछोला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

# भीलवाड़ा के 12 वर्षीय रेयांश वासवानी (रियो) ने बढ़ाया शहर का मान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत




शहर के 12 वर्षीय प्रतिभाशाली बालक रेयांश वासवानी ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए भीलवाड़ा का नाम रोशन किया है।

जयपुर में आयोजित 'राजस्थान सुपर मॉडल शो ', जिसका आयोजन यूनिक फैशन लुक द्वारा किया गया, में रेयांश ने टीन केटेगरी में प्रथम रनर-अप का खिताब अपने नाम किया। इतना ही नहीं, रेयांश को इसी प्रतियोगिता में 'टीन फैशन आइकन' के विशेष खिताब से भी नवाजा गया, जो उनकी प्रतिभा और आत्मविश्वास का प्रमाण है।

रेयांश (रियो) एक मल्टीटैलेंटेड बालक हैं, जो पढ़ाई के साथ-साथ अपने हुनर को भी लगातार निखार रहे हैं। वे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर 'रेडियंट द्वरियो ' नाम से अपना पेज चलाते हैं, जहां वे जीवन से जुड़े प्रेरणादायक वीडियो साझा करते हैं, जो लोगों को सकारात्मक दिशा में सोचने के लिए प्रेरित करते हैं।

रेयांश की इस उपलब्धि पर शहरवासियों ने उनकी सफलता पर गर्व जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# गोल प्याऊ चौराहे का नाम 'भारत माता चौराहा' करने की उठी मांग: जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



शहर के हृदय स्थल माने जाने वाले 'गोल प्याऊ' चौराहे के कायाकल्प और इसके गौरवशाली नामकरण को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष गौरव जीनगर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर जनभावनाओं के अनुरूप इस प्रमुख चौराहे का नामकरण 'भारत माता चौराहा' करने का आग्रह किया है। सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से दो मांगें रखी गई हैं। प्रथम, गोल प्याऊ चौराहे का नाम आधिकारिक रूप से 'भारत माता चौराहा' घोषित किया जाए और द्वितीय, चौराहे के मध्य में राष्ट्रीय एकता व गौरव की प्रतीक 'माँ भारती' की एक भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए।

जीनगर ने बताया कि इस कदम से शहरवासियों और विशेषकर युवाओं में राष्ट्रभक्ति, एकता और सनातन सद्भाव की प्रेरणा जगेगी। साथ ही, इससे भीलवाड़ा शहर की भव्यता और सुंदरता में भी निखार आएगा। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वास जताया कि प्रशासन जनभावनाओं का सम्मान करते हुए इस पर जल्द सकारात्मक कार्यवाही करेगा।

इस अवसर पर तुषार सेन, प्रीतम बाहेती, हितेश नराणीवाल, बाबूलाल मेघवंशी, कपिल श्रोत्रिय, एडवोकेट गौरव कोली, एडवोकेट रामपाल बाल्दी, पवन बैरवा, संयम जैन, नारायण रेगर और राजेश साहू सहित कई उपस्थित थे।

# तरुण खटीक को इंसाफ दिलाने के लिए उपखण्ड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।

दिल्ली के उत्तम नगर में तरुण खटीक की निर्मम हत्या के विरोध में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वावधान में मंगलवार को उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

गौरतलब है कि होली पर्व के दौरान एक छह वर्षीय बालिका द्वारा गुब्बारा फेंकने की छोटी सी बात को लेकर कुछ असामाजिक तत्वों ने विवाद खड़ा कर दिया, जिसके बाद युवक तरुण खटीक की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

इस घटना को लेकर समाज में गहरा आक्रोश है। भीम आर्मी के पदाधिकारियों और समाज के लोगों ने सरकार से मांग की है कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाए।



ज्ञापन देते समय पूर्व पार्षद लादू लाल,पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष खटीक रतन लाल खटीक, शंकर खटीक, भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष दुर्गा लाल बेरवा, भीम आर्मी मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश खटीक, नीरज जोशी,रोशन मारू व अनिता सुराणा मौजूद रहे ।

# भक्ति की प्राप्ति हेतु दास्य भाव होना अतिआवश्यक है- पं. 'विष्णुश्री' कृष्णतनय

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।



कस्बे की पुण्यधरा पर आयोजित नानीबाई रो मायरो कथा का अंतिम दिवस भक्ति, भाव और समर्पण की अद्भुत सरिता लेकर आया। जैसे-जैसे कथा अपने समापन की ओर बढ़ी, वैसे-वैसे प्रत्येक श्रद्धालु के हृदय में एक गूंजती हुई अनुभूति जागृत हुई–कि सच्ची भक्ति का मूल आधार दास्य भाव है।

दास्य भाव, अर्थात स्वयं को प्रभु का सेवक मान लेना। जब मनुष्य अपने अहंकार, अपनी इच्छाओं और अपने स्वार्थ को त्यागकर प्रभु के चरणों में समर्पित हो जाता है, तभी भक्ति का वास्तविक द्वार खुलता है। पं. 'विष्णुश्री' कृष्णतनय जी ने अपने अमृतमय वचनों में यही संदेश दिया कि जब तक 'मैं' का भाव है, तब तक 'मेरा प्रभु' नहीं मिल सकता। जैसे ही 'मैं' मिटता है, वैसे ही प्रभु की कृपा बरसने लगती है। नानीबाई की कथा स्वयं दास्य भाव का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने हर परिस्थिति में प्रभु पर विश्वास रखा और स्वयं को उनका सेवक मानकर जीवन जिया। उनकी सरलता, निष्ठा और पूर्ण समर्पण ही उन्हें प्रभु की कृपा का पात्र बनाता है। यही कारण है कि उनकी कथा आज भी हर हृदय को भक्ति के रंग में रंग देती है।

कथा के अंतिम दिवस पर वातावरण अत्यंत भावमय हो गया। भजन-कीर्तन, हरिनाम संकीर्तन और श्रद्धालुओं की आंखों में उमड़ते आंसू इस बात के साक्षी थे कि कथा केवल सुनी नहीं गई, बल्कि हृदय में उतार ली गई। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं प्रभु की कृपा इस भूमि पर बरस रही हो।इस पावन अवसर पर यह संदेश स्पष्ट हुआ कि भक्ति केवल पूजा-पाठ या कर्मकांड तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक भाव है–सेवा का, समर्पण का और प्रेम का। जब हम अपने हर कार्य को प्रभु की सेवा मानकर करते हैं, तब हमारा जीवन स्वयं एक भक्ति बन जाता है।

अंततः, इस कथा का सार यही है कि यदि हम अपने जीवन में सच्ची भक्ति की प्राप्ति चाहते हैं, तो हमें दास्य भाव को अपनाना होगा। अपने अहंकार को त्यागकर, विनम्रता और सेवा के मार्ग पर चलना होगा। तभी हम भी नरसी जी की तरह प्रभु की कृपा के अधिकारी बन सकते हैं। रात्रि में भव्य फाग महोत्सव का आयोजन श्री रेवतीरमण लाल जी एवं श्री लक्ष्मीनाथ भगवान के संग फूलों और अबीर गुलाल के साथ मधुर मधुर भजनों की धुन पर भक्तों को शानू कबीरा और हर्षिता मालू की प्रस्तुति ने भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया

कस्बे की पुण्यधरा इस पावन कथा ने सभी के हृदय में भक्ति की ज्योति प्रज्वलित कर दी है, जो सदैव प्रज्वलित रहे–इसी मंगल कामना के साथ...पुनः अगले बरस इसी प्रकार अनूठा फाग महोत्सव आयोजित होगा।इस अवसर पर डॉ कैलाश चन्द्र वैष्णव, भैरु लाल मंत्री,रमेश चन्द्र काष्ट,महावीर मंत्री, भगवान शंकर शर्मा,महावीर बसेर,भगवान काष्ट सहित आदि श्रद्धालुओ ने पंडित कृष्णतनय जी महाराज को श्रीफल भेंट कर स्वागत किया।

# पोस्टर प्रतियोगिता से जागी डिजिटल जागरूकता




भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन विभिन्न रचनात्मक और प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर की थीम 'मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता के लिए युवा' पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के पश्चात विद्यालय के प्रार्थना सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्था प्रधान अनिल कुमार झाकल ने अध्यक्षता करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया और डिजिटल साक्षरता के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में उप प्राचार्य श्याम सुंदर वैष्णव ने स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा की भावना से ओत-प्रोत करते हुए प्रेरणादायक विचार साझा किए।

कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयंसेवकों के लिए आहार की व्यवस्था की गई। शिविर की समस्त गतिविधियां कार्यक्रम अधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# भीलवाड़ा में चेटीचण्ड पर विशाल वाहन रैली से मचेगी धूम, सिन्धी समाज रचेगा अनुशासन और भव्यता का नया इतिहास!

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



वस्त्रनगरी एक बार फिर ऐतिहासिक पल की गवाह बनने जा रही है। इष्टदेव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव 'चेटीचण्ड' के पावन अवसर पर 19 मार्च गुरुवार को सिन्धी समाज द्वारा एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली केवल एक जुलूस नहीं, बल्कि सभ्यता, संस्कृति और अटूट अनुशासन का 'त्रिवेणी संगम' होगी। भीलवाड़ा के सिन्धी समाज ने इस बार 'चेटीचण्ड पर वाहन रैली' को लेकर कमर कस ली है। 19 मार्च, गुरुवार को सुबह 9 बजे चित्रकूट धाम से इस भव्य यात्रा का शंखनाद होगा। आयोजन की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस बार रैली में 'हेरिटेज कारें', 'ओपन जीप' और 'ड्रोन से पुष्प वर्षा' आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

**खास ड्रेस कोड और अनुशासनः**

समाज ने एकजुटता दिखाने के लिए विशेष ड्रेस कोड निर्धारित किया है। जहाँ महिलाएँ लाल वस्त्रों में नज़र आएंगी, वहीं पुरुष सफेद कपड़ों में शक्ति और शांति का संदेश देंगे। वाहन रैली संयोजक विनोद झूरानी ने बताया कि रैली के दौरान अनुशासन सर्वोपरि रहेगा। सभी वाहन तीन कतारों में चलेंगे और किसी भी हाल में लाइन नहीं तोड़ी जाएगी। लगभग 101 कार्यकर्ताओं की विशेष टीम पूरी राह व्यवस्था संभालेगी।

रैली की शुरुआत इष्टदेव भगवान झूलेलाल, माँ हिंगलाज और 9 कन्याओं के वैदिक पूजन से होगी। युवाओं के लिए विशेष सेल्फी पॉइंट्स बनाए गए हैं, ताकि वे अपनी संस्कृति को सोशल मीडिया के माध्यम से पूरी दुनिया तक पहुँचा सकें। डीजे की धुन ओर जयकारों से पूरा शहर गूंज उठेगा।

यह रैली चित्रकूट धाम से शुरू होकर गर्ल्स कॉलेज गेट, जंगजीत महादेव, निरंकारी भवन, हेमु कालानी सर्कल, दिलीप डेयरी, बड़ला चौराहा, पारी माता मंदिर, भोपालपुरा रोड, सालासर बालाजी, टेम्पू स्टैंड, ब्रह्माणी स्वीट्स, सोलंकी टॉकीज, मोहनपान, बड़ला चौराहा, सिंधुनगर, कैलाश कृपलानी जी गली, गोविन्द धाम दरबार, संत कंवरराम सर्कल, अरबन बैंक, महाराणा टॉकीज, गांधी बाजार, सूचना केंद्र, राजीव गांधी मार्किट, परमा एन्ड संस कि दुकान, गोल प्याऊ, इंदिरा मार्किट होते हुए रैली का भव्य समापन रेलवे स्टेशन के निकट पूज्य झूलेलाल मंदिर नाथद्वारा सराय पर होगा, जहाँ सामूहिक फोटो सेशन और फल-प्रसाद की व्यवस्था की गई है। इसके पश्चात दोपहर 12:15 बजे मंदिर में 'झंडा साहब' की रस्म और महाप्रसादी का आयोजन होगा।

# गेगा का खेड़ा में भगवान लक्ष्मी नाथ मंदिर निर्माण में 55 हजार रुपये भेंट

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



( रमेश चंद्र डाड) कस्बे के निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव में भगवान लक्ष्मी नाथ के मंदिर निर्माण में 55 हजार रुपये भेंट किए गए । पुजारी दिनेश जोशी ने बताया कि कस्बे के लाभचंद पुत्र छगन लाल पुरोहित द्वारा भगवान लक्ष्मीनाथ के दान पात्र में 55 हजार रूपए भेंट किए । यह राशि मंदिर के नवनिर्माण के काम में ली जाएंगी । इस मौके पर रतन भुवालिया, देबी लाल तिवाड़ी , अरविंद भुवालिया , मनोज तिवाड़ी ,गगन पुरोहित ,सुशील पुरोहित , सुनील तिवाड़ी सहित ग्रामीण उपस्थित थे। ग्रामीणों ने पुरोहित का आभार व्यक्त किया।

# जहाजपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को बड़ी सौगात, डीएमएफटी मद से खुलेंगे ओपन जिम

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर


गजानंद जोशी



जहाजपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों को डीएमएफटी मद से बड़ी सौगात मिली है। विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों से क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे। इस योजना के तहत अधिक आबादी वाली प्रत्येक ग्राम पंचायत को ओपन जिम सामग्री के लिए ?2.5 लाख की राशि प्रदान की जा रही है। इस पहल के अंतर्गत आमल्दा, अमरवासी, बरोदा, बावड़ी, भगूनगर, धोड़, फलासिया, इटूंडा, जामोली, खजुरी, कुचलवाड़ा कलां, लुहारी कलां, मनोहरपुरा, पडेर, पीपलुंद, रावतखेड़ा, रोपा, सरसिया, शक्करगढ़, टीकड़, ऊँचा, बन का खेड़ा, बड़ला, बिरधौल, बिशनिया, पारोली, रीठ और रेडवास सहित अनेक ग्राम पंचायतों में ओपन जिम की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इन योजनाओं के माध्यम से गांवों में फिटनेस को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं को खेल-कूद व व्यायाम के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के साथ सड़क व नाली निर्माण कार्य शुरू





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

नगर निगम द्वारा जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के साथ ही सड़क और नाली मरम्मत कार्य की भी तैयारी कर ली गई है।

नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरुआत से पहले ही निगम द्वारा अतिक्रमण हटने के बाद कराए जाने वाले विकास कार्यों के कार्यादेश जारी कर दिए गए थे, ताकि खाली हुए स्थानों पर तुरंत सड़क एवं नाली निर्माण कार्य शुरू किया जा सके।

उन्होंने बताया कि निगम ने शहर को तीन जोनों में विभाजित करते हुए प्रत्येक जोन में एक-एक करोड़ रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण के कार्यादेश जारी किए हैं। इसके अलावा अतिक्रमण हटाने के बाद नालियों की मरम्मत के लिए तीनों जोनों में कुल 85 लाख रुपये के कार्यादेश भी जारी किए गए हैं।

निगम द्वारा अतिक्रमण हटने के बाद संबंधित स्थानों पर नालियों की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। साथ ही सड़क और नाली के बीच स्थित कच्ची जगह पर भी सीसी सड़क निर्माण कराया जा रहा है, ताकि भविष्य में वहां दोबारा अतिक्रमण नहीं हो सके।आयुक्त ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा अतिक्रमण हटने के तुरंत बाद सड़क व नाली निर्माण कार्य शुरू कर 31 मार्च तक कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।



QUICK BITES

## एनीमिया मुक्त राजस्थानः जहाजपुर में शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।



एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को जहाजपुर ब्लॉक में एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के अध्यापकों ने भाग लिया।

ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भागीरथ मीणा ने एनीमिया के लक्षण, कारण और दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए बताया कि आयरन की कमी से कमजोरी, थकान और चक्कर जैसी समस्याएं होती हैं। उन्होंने समय पर पहचान और उपचार पर जोर दिया।

प्रशिक्षण में आयरन व विटामिन युक्त आहार, स्वच्छता और संतुलित भोजन के महत्व के साथ आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) सप्लीमेंट, स्टॉक प्रबंधन और ऑनलाइन रिपोर्टिंग की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में प्री-टेस्ट व पोस्ट-टेस्ट के माध्यम से शिक्षकों के ज्ञान का आकलन किया गया। अध्यापकों ने इसे उपयोगी बताते हुए विद्यार्थियों में जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया।

## मांडलगढ़ में राशन संकटः 400-500 परिवार वंचित, अधूरा आवंटन बना परेशानी का कारण

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



नगरपालिका क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न का पूरा कोटा नहीं मिलने से करीब चार से पांच सौ परिवारों को राशन से वंचित रहना पड़ रहा है। इससे शहरवासियों को लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर के आमीन सिलावट, प्रकाश तम्बोली, कैलाश सेन, बनवारीलाल सेन सहित कई लोगों ने बताया कि क्षेत्र की राशन दुकानों पर समय पर और पूर्ण मात्रा में खाद्यान्न नहीं मिल रहा। होली और शीतला सप्तमी जैसे पर्व गुजर जाने के बाद भी स्थिति में सुधार नहीं हुआ है, जबकि अब ईद का पर्व भी निकट है।

बताया जा रहा है कि पूर्व राशन डीलरों द्वारा किए गए गबन के मामलों के चलते जिला रसद विभाग वर्तमान लाभार्थियों के लिए गेहूं का पूरा आवंटन नहीं कर पा रहा है। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है।

इधर, अधूरा आवंटन होने के कारण राशन डीलरों को भी लोगों के गुस्से और नाराजगी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में जिला रसद अधिकारी अमरचंद मिश्र ने बताया कि मांडलगढ़ क्षेत्र की तीन राशन दुकानों में गबन सामने आया है और मामला विचाराधीन है। इसी कारण फिलहाल पूर्ण आवंटन नहीं हो पा रहा, लेकिन जल्द ही कार्रवाई कर नियमित और पूरा राशन उपलब्ध कराया जाएगा।


भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर?

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com


# 108वें जन्मोत्सव पर आस्था का महासंगमः तीन दिवसीय आयोजन भव्यता के साथ सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

राजस्थान प्रवर्तिनी साध्वी यशकंवर म.सा. के 108वें जन्मोत्सव के पावन अवसर पर काशीपुरी स्थित शीतल स्वाध्याय भवन में आयोजित तीन दिवसीय भव्य धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गए। पूरे आयोजन के दौरान समाजजनों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे एक ऐतिहासिक और प्रेरणादायी आयोजन बना दिया।

कार्यक्रम साध्वी ज्ञानकंवर म.सा., साध्वी प्रतिभा म.सा. एवं साध्वी पुष्पलता म.सा. आदि ठाणा के पावन सानिध्य में आयोजित हुआ, जिसमें नवकार मंत्र जाप, प्रवचन, सामूहिक साधना एवं विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

समिति के मंत्री अशोक कोठारी ने बताया कि आयोजन के प्रमुख आकर्षण के रूप में 108 कुंवारी कन्याओं द्वारा श्रद्धा और एकाग्रता के साथ नवकार मंत्र का विशेष जाप किया गया, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दूसरे दिन प्रातः पैसठिया जाप विधिपूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सामूहिक धर्म साधना की।

मनीष बम्ब ने बताया की आज प्रातः सामूहिक नवकार मंत्र जाप एवं प्रवचन का आयोजन किया गया, जिसमें साध्वी साध्वी पुष्पलता म.सा ने अपने प्रेरणादायी प्रवचनों में कहा कि नवकार मंत्र आत्मशुद्धि एवं आध्यात्मिक उन्नति का सर्वोत्तम माध्यम है। श्रद्धा एवं एकाग्रता से किया गया जाप जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है और मन में शांति व संयम की भावना विकसित करता है। उन्होंने सभी को गुरुजनों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर धर्म, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।




आयोजन के अंतर्गत बच्चों के लिए 'यश उपवन की खिलती कलियाँ' विषय पर विशेष अभिव्यक्ति कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बालक-बालिकाओं ने महापुरुषों की वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। उत्कृष्ट प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। संचालन माणक पीपाड़ा द्वारा किया गया।

तीन दिवसीय आयोजन के लक्ष्मण सिंह एवं संजुलता बाबेल, महेश कुमार तांतेड़ (डूंगला), राजेन्द्र सिंह, रोहन हिंगड़ लाभार्थी रहे।

पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं में समिति अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार मेहता, उपाध्यक्ष बहादुर लोढ़ा, मंत्री अशोक कुमार कोठारी, कोषाध्यक्ष विनीत बाफना, सहमंत्री रघुवीर सिंह भंडारी सहित शीतल यश महिला मंडल की अध्यक्ष श्वेता नैनावटी, मंत्री सुनीता गांधी एवं अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

तीन दिवसीय इस आयोजन ने समाज में धर्म, एकता और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर संदेश प्रसारित किया तथा श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति और प्रेरणा प्रदान की।

# 125 साल पुराने बरगद की कटाई से ग्रामीणों में आक्रोश, प्रशासक को ज्ञापन सौप की कार्रवाई की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

( मानव तिवाड़ी ) उपखण्ड क्षेत्र के थड़ोदा गांव में वर्षो से आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक रहे गांधी चौक का स्वरूप बिगाड़ने और करीब 125 वर्ष पुराने बरगद के पेड़ को काटे जाने का मामला सामने आया है । इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने एकजुट होकर प्रशासक राजेश धाकड़ को ज्ञापन सौंपा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने बताया की गांधी चौक गांव का सबसे प्रमुख स्थल रहा है, जहां वर्षो से धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन होते आए हैं। चौक में बने चबूतरे पर खड़ा विशाल बरगद का पेड़ न केवल छाया देता था, बल्कि लोगों की आस्था का केंद्र भी था। बुजुर्गो का कहना है कि यह पेड़ लगभग 125 वर्ष पुराना था और गांव की पहचान बन चुका था।आरोप है कि कुछ प्रभावशाली लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के चलते इस ऐतिहासिक स्थल को नुकसान पहुंचाया। पहले चबूतरे को तोड़ा गया और फिर हरे-भरे बरगद के पेड़ को पूरी तरह



वर्षो पुराना बरगद पेड़ , जिसे काट दिया गया



ज्ञापन देते ग्रामीण

काट दिया गया। इस घटना से ग्रामीणों की भावनाएं गहराई से आहत हुई हैं और पूरे गांव में रोष का माहौल है।ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने जल्द ही दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। साथ ही उन्होंने गांधी चौक के पुराने स्वरूप को पुनः बहाल करने और वहां फिर से पौधारोपण कराने की मांग भी रखी है। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। मामले को लेकर प्रशासक राजेश ने बताया कि ग्रामीणों की रिपोर्ट पर उच्च अधिकारियों से राय लेकर कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

# जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप मेवाड़ का भव्य होली स्नेह मिलन सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप मेवाड़ का होली स्नेह मिलन शहर के निकट एक निजी फार्म हाउस पर आयोजित किया गया। मनीष बम्ब ने बताया की इस कार्यक्रम में लगभग 40 दंपत्ति सदस्य अपने परिवार सहित शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई। इसके पश्चात नवीन पदाधिकारियों का स्वागत एवं शपथ ग्रहण किया गया। इसके बाद पूल पार्टी, कपल गेम, बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक गेम्स, और हाई टी निबंध प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समेत स्नेह भोज का आयोजन हुआ।

सचिव संदीप चंडालिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्नेह मिलन कार्यक्रम न केवल समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं, बल्कि सदस्यों को सामाजिक सेवा और आनंद के अवसर भी प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष भर में समूह ने कुल 32 से अधिक सेवा एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किए हैं और



आगामी वर्ष में और भी विविध गतिविधियों की योजना बनाई जा रही है। कार्यक्रम में अध्यक्ष धर्मेश कोठारी, चेयरमैन कुलदीप चंडालिया, उपाध्यक्ष आशीष कांठेड, हिम्मत गोखरु, सचिव संदीप चंडालिया, राजकुमार बम्ब, कोषाध्यक्ष जितेंद्र गोलिछा, खेल एवं प्रचार सचिवः अरुण बाफना, महिला प्रतिनिधि शीतल चंडालिया, रुचिका सोनी सभी उपस्थित सदस्यों ने आगामी वर्ष के कार्यक्रमों की योजना और विचार साझा किए।

# वनवासी विद्यार्थियों के लिए सेवा का संकल्प, हरिशेवा धर्मशाला ने बांटे 811 कंबल व 25 हजार रुपए का सहयोग

## उदयपुर क्षेत्र के हॉस्टलों में जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचेगी सामग्री, सेवा अभियान बना प्रेरणा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**

समाज सेवा और मानवता की सच्ची भावना को साकार करते हुए भीलवाड़ा के हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर व हरिशेवा धर्मशाला द्वारा वनवासी क्षेत्रों के लिए सराहनीय सेवा अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के तहत उदयपुर क्षेत्र के विभिन्न वनवासी हॉस्टलों में रह रहे छात्र-छात्राओं एवं वहां कार्यरत स्टाफ की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बड़ी मात्रा में उपयोगी सामग्री प्रदान की गई। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में आयोजित इस सेवा कार्य ने समाज में सहयोग और



संवेदनशीलता का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रातःकालीन हल्की सर्दी को देखते हुए जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से 811 पतले कंबल, 811 शॉल, 31 साड़ियां एवं दुपट्टों का वितरण किया गया। इसके साथ ही 25 हजार रुपए का चेक भी सहयोग स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे हॉस्टलों की अन्य आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इस समस्त सामग्री एवं सहयोग राशि को राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद की जिलाध्यक्ष मनीषा जाजू, संरक्षक पल्लवी वच्छानी तथा प्रांत नगरीय कार्य प्रमुख रामप्रकाश अग्रवाल को सौंपा गया। परिषद के माध्यम से यह सामग्री उदयपुर क्षेत्र के विभिन्न वनवासी छात्रावासों में पहुंचाकर वहां रह रहे विद्यार्थियों एवं स्टाफ को वितरित की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी हंसराम उदासीन ने कहा कि सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना हर नागरिक का कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरिशेवा धर्मशाला द्वारा हर वर्ष समय-समय पर ऐसे सेवा कार्य आयोजित किए जाते हैं, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके और समाज में परोपकार की भावना को बढ़ावा मिले। उन्होंने उपस्थित लोगों से भी आग्रह किया कि वे अपने सामर्थ्य के अनुसार समाज सेवा के कार्यों में भाग लें और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।

इस अवसर पर आश्रम के संत मायाराम, संत गोविंद राम, संत केशव राम, धर्मशाला के सचिव हेमंत वच्छानी, लघु उद्योग भारती से रविंद्र जाजू, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघ चालक चांदमल सोमानी, ईश्वर आसनानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# 4 साल से अधूरी 700 मीटर सड़क का कार्य शुरू, विधायक की सख्ती के बाद प्रशासन हरकत में

भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।

नेशनल हाईवे-158 पर आसींद क्षेत्र में पिछले चार वर्षों से अधूरा पड़ा 700 मीटर सड़क मार्ग अब पूरा होने वाला है। लंबे समय से इस छोटे से हिस्से के अधूरे रहने से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन प्रेस क्लब आसींद द्वारा लगातार मुद्दा उठाए जाने के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग सक्रिय हो गए हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए विधायक जब्बर सिंह सांखला ने अधिकारियों की बैठक बुलाकर सड़क निर्माण में हो रही देरी पर कड़ा रुख अपनाया। उपखंड अधिकारी परमजीत सिंह की मौजूदगी में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (NHAI) के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राकेश कुमार सहित



अन्य अधिकारियों से जवाब-तलब किया गया। बैठक के दौरान विधायक ने स्पष्ट कहा कि जनता को मूलभूत सुविधाओं के लिए वर्षों तक इंतजार करना स्वीकार्य नहीं है और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इसके बाद निर्माण कार्य शुरू हो गया ।

गौरतलब है कि सड़क निर्माण में अनियमितताओं को लेकर स्थानीय नागरिकों और प्रेस क्लब के पदाधिकारी पिछले कुछ दिनों से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे थे। विधायक सांखला स्वयं अधिकारियों को धरना स्थल पर लेकर पहुंचे, जहां अधिकारियों ने ग्रामीणों और प्रदर्शनकारियों के सामने अपनी गलती स्वीकार करते हुए जल्द काम पूरा करने का भरोसा दिलाया।

इसके बाद अधिकारियों ने लिखित में कार्य पूर्ण करने की समय-सीमा तय की। तय कार्यक्रम के अनुसार 7 दिनों में 150 मीटर सड़क का कार्य शुरू कर पूरा किया जाएगा, 15 दिनों में सड़क के दोनों किनारों को दुरुस्त किया जाएगा और 3 माह के भीतर पूरे 700 मीटर मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। धरने और बैठक के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, प्रेस क्लब के सदस्य और पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा नहीं हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घरेलू गैस सिलेंडर कालाबाजारी का खुलासा, प्रशासन ने मारा छापा, 17 सिलेंडर सहित रिफिलिंग उपकरण जब्त,मचा हड़कंप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**पुनित चपलोत।** शहर के पॉश इलाके आरके कॉलोनी में मंगलवार शाम पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध गैस रिफिलिंग और कालाबाजारी के कारोबार का खुलासा किया। एक निजी मकान पर दबिश देकर टीम ने 17 घरेलू गैस सिलेंडर और रिफिलिंग में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

**मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई**

प्रशासन को मुखबिर से सूचना मिली थी कि आरके कॉलोनी के एफ सेक्टर स्थित एक मकान में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए भीलवाड़ा एसडीएम, सीओ सिटी, जिला रसद अधिकारी (ष्ठस्ह्र) और सुभाषनगर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रजापत परिवार के मकान पर अचानक दबिश दी।

**मौके से 17 घरेलू गैस सिलेंडर रिफिलिंग उपकरण भी बरामद**

तलाशी के दौरान मकान के भीतर से 17 घरेलू गैस सिलेंडर मिले। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाली बांसुरी, नोजल, रेगुलेटर सहित अन्य उपकरण भी बरामद किए गए। जांच में



सामने आया कि मकान मालिक के पास सिलेंडरों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज या भंडारण लाइसेंस नहीं था।

**शहर में लगातार जारी है अभियान '**

रसद विभाग के अनुसार, भीलवाड़ा शहर में घरेलू गैस के दुरुपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अब तक विभिन्न क्षेत्रों से कुल 87 अवैध सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं। ताजा कार्रवाई के बाद अवैध कारोबार में लिप्त लोगों में हड़कंप है।

# भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर का सुभाष मंडल में शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

भाजपा जिला संगठन के निर्देशानुसार सुभाष मंडल के तत्वावधान में संजय कॉलोनी माहेश्वरी भवन मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया एवं राज्य के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक गोपाल खंडेलवाल, पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी, पूर्व महापौर राकेश पाठक, विधानसभा संयोजक विजय पोखरना एवं वरिष्ठ नेता पेंटर सूरज, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा मंचासीन रहे। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने




बताया कि वरिष्ठ नेता सतीश पूनिया ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी आम जनता की पार्टी है। जिसमें विश्वास जताकर नए लोग जुड़ते जा रहे है। आज यह 14 करोड़ सदस्यों का परिवार बन चुका है। और इन्हीं सदस्यों और कार्यकर्ताओं से हमे राजनैतिक रूप से ताकत मिलती है। यह वो पार्टी है जिसमें बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आंतरिक व्यवस्था है। इसमें संगठन की रीति नीति, विचार, व्यवस्था कई बाते होती है, इसलिए यह पार्टी सबसे अलग है। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि मैं आज इस प्रशिक्षण शिविर में डिप्टी सीएम के रूप में नहीं अपितु पार्टी के एक कार्यकर्ता के रूप में आया हूं। इस पार्टी का हर एक सदस्य राष्ट्र प्रथम की भावना से कार्य करता है। जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने सभी का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण शिविर की विस्तृत जानकारी सभी के समक्ष रखी। प्रथम सत्र का संचालन मंडल महामंत्री पुनीत प्रताप सिंह एवं पंकज क्षोत्रिय ने किया। इसके बाद प्रशिक्षण स्थल पर ही टिफिन बैठक का आयोजन हुआ। और रात्रिकालीन सत्र में कार्यकर्ताओं को संघ के 100 वर्षों की यात्रा पर आधारित शतक फिल्म दिखाई गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण अभियान जिला संयोजक एवं जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, सहसंयोजक अभिश्रुता सोलंकी, मंडल उपाध्यक्ष दीपक पाराशर, जगदीश गुर्जर ,भारत वर्मा, मंडल मंत्री अर्चित मूंदड़ा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की मूर्ति अनावरण को लेकर ग्रामीणों में उत्साह, निमंत्रण अभियान शुरू



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**( नरेश धाकड़ )** क्षेत्र में पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की प्रस्तावित मूर्ति अनावरण समारोह को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को गांव-गांव जाकर निमंत्रण देने का अभियान शुरू कर दिया।

निमंत्रण अभियान की शुरुआत मकरेड़ी पंचायत के जगन्नाथजी का झोपड़ा (मकरेड़ी) से की गई, जहां स्थानीय ग्रामीणों ने कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और सम्मानपूर्वक निमंत्रण स्वीकार किया।

निमंत्रण देने पहुंचे कार्यकर्ताओं में रमेश धाकड़, रामलाल धाकड़, गोपाल धाकड़, भगवान लाल धाकड़, प्रभु लाल धाकड़, सोरती भील, मदन भील, रामलाल भील, श्रीकृष्ण रेगर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 22 मार्च बिहार दिवस को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन




भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**( पुनित चपलोत)** सामाजिक सरोकारों में अग्रणी पूर्वांचल जन चेतना चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आगामी 22 मार्च को बिहार दिवस के उपलक्ष्य में एक निःशुल्क चिकित्सा जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आजाद नगर स्थित टांक भवन में आयोजित होने वाले इस शिविर का समय सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगा।

समिति के प्रभारी रजनीश वर्मा ने बताया कि शिविर में सीएमएचओ कार्यालय एवं महात्मा गांधी अस्पताल की विशेष टीमें मौजूद रहेंगी। हृदय रोग, न्यूरोलॉजी, किडनी, अस्थि रोग, ईएनटी, स्त्री रोग और दंत चिकित्सा जैसे गंभीर रोगों के विशेषज्ञ मरीजों की जांच करेंगे। आधुनिक चिकित्सा के साथ-साथ न्यूरोथैरेपी, होम्योपैथी, आयुर्वेद और योग विशेषज्ञों का परामर्श भी उपलब्ध होगा। स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ यहाँ बिहार की संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। आगंतुकों के लिए विशेष रूप से 'लिट्टी-चोखा' के स्टॉल लगाए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 50 विशिष्ट विभूतियों का सम्मान भी किया जाएगा। ट्रस्ट ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सेवा कार्य का लाभ उठाएं।

## QUICK BITES

# दिनदहाड़े बदमाशों का हमला, पति-पत्नी व युवक से मारपीट कर आभूषण लूटे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



**(पुनित चपलोत)।** जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते नजर आ रहे हैं। बागोर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दिनदहाड़े पुरानी रंजिश के चलते पति-पत्नी और एक युवक पर एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। हमलावर तीन वाहनों में सवार होकर आए और पिस्टल की नोक पर लोहे की रॉड, सरिए व डंडों से बेरहमी से मारपीट की। वारदात के बाद आरोपी पीड़ितों के सोने-चांदी के आभूषण लूटकर मौके से फरार हो गए।
हमले में घायल युवक को गंभीर अवस्था में भीलवाड़ा के महात्मा गांधी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। घायल शिव गुर्जर ने बताया कि उसके बड़े पापा अस्पताल में भर्ती होने के कारण उसकी बहन और जीजा भीलवाड़ा आए थे। वह उन्हें वापस गांव छोड़ने जा रहा था, तभी बागोर के पास तीन गाड़ियों में सवार होकर जगदीश, कान्हा सहित 15 से अधिक लोग आए और उनकी कार को टक्कर मारकर रोक लिया।
इसके बाद आरोपियों ने पिस्टल दिखाकर हमला कर दिया और लोहे की रॉड, सरिए व डंडों से मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान हमलावरों ने शिव की सोने की चेन और उसकी बहन के आभूषण लूट लिए। शिव के अनुसार आरोपियों से फोन पर गाली-गलौज को लेकर पहले से विवाद चल रहा था।
घटना के बाद पीड़ित जब रिपोर्ट दर्ज करवाने थाने पहुंचे तो उन्हें पहले मेडिकल करवाने की बात कही गई। पीड़ितों ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पैदल परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, एक गंभीर घायल


भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



बनेड़ा थाना क्षेत्र के मेघरास गांव में मंगलवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। परीक्षा देने पैदल जा रहे दो छात्रों को कोयले से भरे आईसर ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में 14 वर्षीय देवराज जाट पुत्र महावीर जाट की मौके पर मौत हो गई, जबकि 16 वर्षीय भरत सिंह पुत्र बजरंग सिंह राठौड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।
सहायक उपनिरीक्षक नोरतमल ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक और उसके चालक को डिटेन कर लिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।
घटना के बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को रायला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने देवराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं भरत सिंह की हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।
पुलिस ने मृतक देवराज का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है

# नगर निगम की लगातार बड़ी कार्यवाही, भू-माफियाओं के चंगुल से मुक्त हुई 1 करोड़ की बेशकीमती सरकारी जमीन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



**पुनित चपलोत।** शहर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा धाम के पास स्थित बेशकीमती सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं और अतिक्रमणकारियों द्वारा जमाए गए अवैध कब्जे पर नगर निगम की टीम ने कड़ा प्रहार किया। परिषद के दस्ते ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से खड़ी की गई पक्की दीवारों को ध्वस्त कर दिया और करीब 1 करोड़ रुपए मूल्य की इस जमीन को सरकारी नियंत्रण में ले लिया।
जानकारी के अनुसार बाबा धाम के पास गांधी नगर थाने के पीछे स्थित इस सरकारी जमीन पर पिछले कुछ समय से अतिक्रमियों की नजर थी। कब्जा करने की नीयत से यहां सीमेंटेड पक्की दीवारें खड़ी कर दी गई थीं और लोहे के गेट भी लगा दिए गए थे, ताकि इसे निजी संपत्ति का रूप दिया जा सके।
शिकायत की पुष्टि होने के बाद नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर प्रवर्तन दस्ते की टीम बुलडोजर (जेसीबी) और संसाधनों के साथ मौके पर पहुँची। शुरुआत में कुछ लोगों ने विरोध करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल की मौजूदगी के आगे भू-माफियाओं के हौसले पस्त हो गए। निगम की टीम ने अवैध रूप से बनाए गए ढांचों और घेराबंदी को ध्वस्त कर दिया।
नगर निगम प्रशासन ने बताया है कि सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। निगम अब शहर के अन्य हिस्सों में भी चिह्नित की गई जमीनों से अतिक्रमण हटाने की योजना बना रहा है। इस कार्रवाई के बाद से भू-माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है।
कार्यवाही के दौरान सुरेश गर्ग सहायक अभियंता, रामेश्वर गुर्जर कनिष्ठ अभियंता, अतिक्रमण प्रभारी संजय खोखर सहित निगम का जाप्ता ओर गांधी नगर थाने का जाप्ता मौजूद रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।